तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 जुलाई 2024

12 भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के सभी कायल



11 ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में डेडीकेटेड एंबुलेंस व्हीकल का करवाएं प्रबंध



## खबर संक्षेप

### रेलगाडी की चपेट मे आने से युवक की मौत

**जींद।** भिवानी रोड रेलवे फाटक पर रेलगाड़ी की चपेट मे आने से युवक की मौत हो गई। मृतक अपने दो अन्य दोस्तों के साथ शरारत कर रहा था। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। कृष्णा कालोनी निवासी विकास भिवानी रोड रोलवे फाटक को पार करते समय अपने दो दोस्तों से शरारत कर रहा था। उसी दौरान ट्रेक पर रेलगाड़ी आ गई। दोनों युवक रेलवे लाइन से हटने में कामयाब हो गए।

### मारपीट के आरोप में 20 के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने जमीन कब्जाने तथा लाठियां डंडों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का एक मामला दर्ज किया है। गांव नरवल के प्रदीप कुमार ने राजोद पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 जुलाई को शमशेर सिंह, अजमेर सिंह, अनूप सिंह, जसबीर, महिपाल, राज सिंह, राजेश, ललित, बलबीर, राजू, श्रवण, प्रिंस, बंटी, सुखबीर, शक्ति, समृद्धि, मोनिका, किरण, पुष्पा सहित 20 व्यक्तियों ने उसे रास्ता रोककर लाठी और डंडों से उसे घायल कर दिया।

### साइड न देने के विवाद में चार घायल

**जींद।** सफीदों में गाड़ी को साइड न देने को लेकर विवाद मे हमला कर चार लोगों को घायल कर दिया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने घायल पक्ष की शिकायत पर नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी सुरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा जगजीत गाड़ी लेकर आ रहा था। रास्ते में साइड को लेकर आरे वाले बिट्टू के लड़के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर उसका बेटा दुकान पर लौट आया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला व्यक्ति का शव, 3 पर केस दर्ज

**कैथल।** गांव टीक के पास एक जुलाई को रेलवे लाइन पर पड़े मिले व्यक्ति के शव के मामले में थाना सदर पुलिस ने शनिवार देर रात तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। इससे पहले जीआरपी ने 176 की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया था। गांव टीक के पास एक जुलाई को रेल के नीचे कट कर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उसके बाद जीआरपी ने कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया था। अब इस मामले में क्योड़क बस्ती निवासी मृतक के भाई जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया उसके भाई जयवीर की गुरुबचन उर्फ रामडू, बनारसी, पंजाब ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की है और शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। पुलिस जांच में जुटी है।

### ढीले तारों को लेकर भाकियू ने जताया रोष

**राजौंद।** भारतीय किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन की टीम गांव सौगल पहुंची जन सम्पर्क अभियान के दौरान प्रदेश उच्च अध्यक्ष महावीर चहल नरड ने कहा कि सभी गांवों के दौरे करके हर गांव में कमेटी गठित की जाएगी। धान रोपाई का सीजन चल रहा है। उसके बाद किसान यूनियन कमेरा वर्ग यूनियन की टीम यूनियन का विस्तार करने का काम करेगी युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी व जिला प्रधान बलकार खुराना ने कहा कि किसान धान रोपाई लगाने में व्यस्त है। बिजली के कट लगातार लग रहे हैं किसान परेशान हैं।बिजली की तारें में बार बार नीचे की ओर लटके हुए बिजली विभाग का कोई भी ध्यान नहीं है बरसात न होने के कारण किसान बहुत तंग हो चुका बिजली विभाग तुरंत ध्यान दे। सौगल में भारतीय किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन तार पट्टी की चोपल मीटिंग हुई।

### शहर में सुरक्षित नहीं व्यापारियों की दुकानें, आए दिन हो रहीं वारदातें

# चोरों ने एक रात में ही चटकाए छह दुकानों के ताले, व्यापारी आक्रोशित

लाखों के सामान को बनाया निशाना, चादर तानकर सोई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

शनिवार देर रात चोरों ने खूब आतंक मचाया। शनिवार देर रात करीब दो बजे शहर के रेलवे गेट स्थित नरवानियां बिल्डिंग के पास और जनता मार्केट में छह दुकानों में चोरों ने लाखों रुपये के सामान और नकदी चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने इन सभी छह दुकानों के शटर भी तोड़े। शटर तोड़ने की घटना की सीसीटीवी भी सामने आई है। दुकानों में हुई चोरी की घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर शहर थाना की पुलिस पहुंची और जांच की। इस दौरान फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। इस घटना के बाद शहर के व्यापारियों में भी काफी रोष देखने को मिला। व्यापारियों का कहना है कि जिले में पिछले कई दिनों से लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ा है। अब हिसार के बाद कैथल में भी व्यापारियों को निशाना बनाया जाने लगा है। यदि पुलिस ने जल्द ही चोरों को गिरफ्तार नहीं किया तो वे जल्द ही कोई बड़ा फैसला लेंगे। व्यापारियों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में पुलिस ने गश्त को काफी कम किया है। इस कारण ही मुख्य बाजारों में भी चोरियां होने लगी है। दुकानदारों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से मिले साक्ष्य के अनुसार सभी दुकानों में शटर तोड़कर चोरी करने के लिए तीन अज्ञात युवक आए थे। यह युवक स्कूटी पर सवार होकर आए थे। बर्तन के दुकानदार हितेश कुमार ने बताया कि उन्हें सुबह तीन बजे ही सूचना मिली कि आपकी दुकान में चोरी हो गई है। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे। दुकान में देखा तो गल्ले में नकदी चुराई गई थी। इस दौरान चोरी करीब 20 हजार रुपये की नकद राशि लेकर गए हैं। सेक्टर 19 निवासी आश्रेय ने बताया कि उनकी जनता मार्केट कैथल में दुकान घी व रिफाइंड की थोक की दुकान है। उसके पास में ही शेखर की घी की, राजेंद्र मोहन की चीनी की और कोमल पुत्र यशपाल मक्कड़ की किरयाना की दुकान है। वे सभी रात करीब साढ़े आठ बजे दुकानें बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह पांच उन्हें पता चला कि उनकी दुकानों के शटर टूटे हुए हैं। इन सभी दुकानों में करीब एक लाख रुपये के सामान और नकदी चोरी हुई है।





**कैथल।** चोरी की घटना के बाद मौका मुआयना करने पहुंचे पुलिस कर्मचारी व चोरी के बाद फोरेंसिक टीम के कर्मचारी सबूत जुटाते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकान का टूटा ताला, उपकरण चोरी

**जींद।** विजय नगर में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर उपकरणों तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजय नगर निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोड़ कर कारपेंटर मे प्रयोग होने वाले उपकरणों, गैस सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने रामनिवास की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोना, चांदी के जेवरात व नगदी चोरी

**जींद।** नरवाना के सूर्यनगर में बीती रात परिवार के लोग मकान के बाहर सो रहे थे। चोरों ने मकान में घुस कर सोना व चांदी के जेवरात तथा 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूर्य नगर नरवाना निवासी ऊषा ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि परिवार के लोग मकान के बाहर सोए थे। रात को चोर मकान में घुस गए और सोना, चांदी के जेवरात तथा 15 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

## कल जारी होगी आईटीआई की दूसरी मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट

- इंजीनियरिंग कोर्सों की ओर बढ़ा विद्यार्थियों का रूझान
- आईटीआई में मिशन एडमिशन जोर-शोर से जारी
- दाखिला लेने वाले विद्यार्थी बेसब्री से कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज. कैथल

आईटीआई में मिशन एडमिशन जोर-शोर से जारी है। आईटीआई की दूसरी मैरिट लिस्ट 9 जुलाई मंगलवार को जारी होगी। आईटीआई में दाखिला लेने वाले विद्यार्थी इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि 28 जुलाई को जारी हुई पहली मैरिट जारी की गई थी। इसका शेडयूल 4 जुलाई को समाप्त हो गया था। इसके उपरांत निदेशालय ने विद्यार्थियों को पोर्टल पर अपनी सीट व आईटीआई में संशोधन करने का मौका दिया था। गौरतलब है कि पहली मैरिट लिस्ट में विभाग द्वारा सभी आईटीआई में प्राप्त सीटों का करीब 40 प्रतिशत अलाट कर दिया था लेकिन विद्यार्थियों ने मन पंसद कोर्स न मिलने को लेकर अलाट की सीटों में से भी मात्र 40 प्रतिशत पर ही दाखिला लिया है। इससे स्पष्ट है कि अभी तक अधिकतर आईटीआई की 75 प्रतिशत सीट खाली हैं। इसके साथ ही पहली मैरिट लिस्ट के बाद अब दूसरी मैरिट लिस्ट में मैरिट कम आने के कारण विद्यार्थियों को अपने चहेते कोर्स मिलने की संभावना जताई जा रही हैं।

### इंजीनियरिंग कोर्स का बढ़ा रूझान

आईटीआई के दाखिले व मैरिट लिस्ट से सामने आया है कि इस बार आईटीआई मे विद्यार्थियों का रूझान इंजीनियरिंग कोर्सों की ओर बढ़ा है। अधिकतर इंजीनियरिंग कोर्स दो साल के होने के कारण 10वीं पास कर आईटीआई आने वाले विद्यार्थियों की 12वीं भी हो जाती है। इस बार कैथल के आईटीआई में भी सर्वाधिक मैरिट फीटर व्यवसाय की है।

### यूं रहेगा शेडूयल

दूसरी मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट : 09 जुलाई
डाक्यूमेट वैरीफिकेशन : 09 से 12 जुलाई
फीस जमा करवाना : 09 से 13 जुलाई

### पूरी तरह से तैयार

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि दूसरी मैरिट लिस्ट 09 जुलाई को जारी होने जा रही है। यह मैरिट लिस्ट प्रथम मैरिट लिस्ट से कम रहेगी। ऐसे में पहली मैरिट लिस्ट में नाम न आने वाले विद्यार्थियों का इसमें नाम आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आईटीआई के सभी कोर्सों की अपनी-अपनी विशेष महता है।



**उचाना।** सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकाल का उद्घाटन करते हुए एचसीएस अन्नु श्योकंद। *फोटो : हरिभूमि*

## सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकालय बेटियों को किया समर्पित

- सुदकैन कलां में गांव की बेटी एचसीएस अन्नु श्योकंद ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज. उचाना

गांव सुदकैन कलां में सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकाल बेटियों को समर्पित किया। गांव की बेटी एचसीएस अन्नु श्योकंद ने इसका उद्घाटन किया। अन्नु श्योकंद आरडी श्योकंद की बेटी एवं आईपीएस महेश्वर दयाल श्योकंद की छोटी बहन है। स्वतंत्र समूह सेवा समिति के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पर्यावरण बचाने का संदेश देने के लिए पौधरोपण भी किया गया। समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर एवं अध्यक्ष कृष्ण श्योकंद ने संयुक्त रूप से अध्यक्षता की। पंचायती राज विभाग में एसई अशोक श्योकंद, विस के सेवानिवृत्त 'वाइंट सेक्रेटरी दयानंद श्योकंद, कर्नल अशोक श्योकंद, एचसीएस की परीक्षा पास कर बीडीपीओ बनी उचाना कलां की रितु शर्मा परिवहन विभाग जीएम दिल्ली एचसीएस सुरेंद्र दूहन, मलकीत चहल चाइलड वेलफेयर ऑफिसर जींद, अनिल सिंगला, जोगिंद्र सहारण विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पहुंचे। ज्ञाना परिवार द्वारा अपने पुस्तैनी मकान को सुभाष चंद्र बोस महिला पुस्तकाल के लिए दिया।समिति द्वारा ज्ञाना परिवार के लाला सिंह, धर्म सिंह, जोरा सिंह, हमीर सिंह, गुरदयाल, रामनिवास, कृष्ण श्योकंद को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालक प्रो. पिंकी सिंह, सतीश खटकड़ ने किया। स्वतंत्र समूह से जुड़े कुरूक्षेत्र, कैथल, गुहला-चीका, नरवाना, हिसार आदि की छात्राओं को लाभ मिलेगा।

## भाकियू ने मांगों को लेकर सोनीपत सांसद को सौंपा ज्ञापन

- सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

भारतीय किसान यूनियन ने रविवार को मांगों को लेकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला के नेतृत्व में सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी से मुलाकात की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सांसद ने भाकियू प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों व समस्याओं को जोर-शोर से उठाया जाएगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामफल कंडेला, जिला प्रधान बारूराम, प्रवक्ता रामराजी पोंकरीखेड़ी, बिंद्र, रामफल ने कहा कि कृषि कानूनों के खिलाफ एवं एमएसपी गारंटी कानून बनवाने के लिए 2020-21 में किसानों ने दिल्ली के बॉर्डरों पर 378 दिनों तक ऐतिहासिक आंदोलन लड़ा था। उस समय केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानून वापस लिए थे एवं एमएसपी गारंटी कानून बनाने के लिए एक कमेटी के गठन का ऐलान किया था। अगले दो वर्षोंर् तक एक-एक दिन के लिए कई सांकेतिक कायक्रमों के माध्यम से सरकार का ध्यान एमएसपी गारंटी कानून बनाने की तरफ आकर्षित करना चाहा लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने मांग की कि देश के किसानों के लिए सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए और डा. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार फसलों के भाव तय किए जाएं। किसानों और मजदूरों की पूर्ण कर्ज मुक्ति करी जाए। भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को पूरे देश में पुनः लागू किया जाए। भूमि अधिग्रहण से पहले किसानों की लिखित सहमति एवं कलेक्टर रेट से चार गुणा मुआवजा देने के प्रावधान लागू किए जाएं। भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर आये एवं सभी मुक्त व्यापार समझौतों पर रोक लगाई जाए। किसानों और खेत मजदूरों को 10 हजार रुपये रुपये महीना की पेंशन दी जाए। पीएम फसल बीमा योजना में सुधार किए जाएं। फसल में नुक्सान होने पर एक एकड़ को यूनिट मान कर मुआवजा दिया जाए एवं प्रीमियम सरकार द्वारा भरा जाए। विद्युत संशोधन विधेयक 2023 को रद्द किया जाए एवं खेती को प्रदूषण कानून से बाहर निकाला जाए। मनरेगा के तहत प्रति वर्ष 200 दिन का रोजगार, 700 रुपये का मजदूरी भत्ता दिया जाए एवं मनरेगा को खेती के साथ जोड़ा जाए। नकली बीज, कीटनाशक दवाइयां एवं खाद बनाने वाली कंपनियों पर सख्त दंड और जुर्माना लगाने के प्रावधान तय किए जाएं एवं बीजों की गुणवत्ता में सुधार किए जाए। मिर्च, हल्दी एवं अन्य मसालों के लिए राष्ट्रीय आयोग का गठन किया जाए। संविधान की पांच सूची को लागू किया जाए एवं जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों के अधिकार सुनिश्चित कर के कंपनियों द्वारा आदिवासियों की जमीन की लूट बंद करी जाए।



**जींद।** मांगों को लेकर सोनीपत सांसद को ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

## कनाडा भेजने के नाम पर सेवानिवृत एएसआई से 14.50 लाख ठगे, दंपत्ति व उनके बेटे पर मुकदमा

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 14 लाख 50 हजार रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति व उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बंद में पूंडरी पुलिस को दीशिकायत में सेवानिवृत सहायक सब इंस्पेक्टर गांव अरनेचा के जसवीर सिंह ने आरोप लगाया है कि वह अपने बेटे मनप्रीत सिंह को विदेश भेजने चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत प्रवीण कुमार से हुई। प्रवीण ने उसे बाद में उसकी पत्नी रेणु देवी और पुत्र वंश से भी मिलाया। आरोपियों ने उसके बेटे को कनाडा भेजने की बात की। इसके लिए 25 लाख की मांग की। इस पर उनका 22 लाख रुपए में सौदा तैयार हो गया। आरोपियों के कहे अनुसार उसने 14 लाख 50 हजार की राशि उनके खाते में डलवा दी तथा अन्य दस्तावेज भी दे दिए। बार-बार आश्वासन के बावजूद आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश नहीं भेजा। जब उन्होंने अपनी राशि वापस देने की मांग की तो आरोपियों ने राशि देने से साफ इंकार कर दिया। मामले के जांच अधिकारी एएसआई सुखबीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्रीमिलेयर की मांग को सरकार ने पूरा किया: सुमन

**जींद।** ओबीसी समाज ने शहर के एक निजी होटल में मुख्यमंत्री नायब सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी का सम्मान समारोह किया। यह सम्मान समारोह क्रिमीलेयर की आय सीमा छह लाख से बढ़ाकर आठ लाख करने पर किया गया। इसमें ओबीसी समाज के लोगों ने शिरक्त कर सुमन सैनी का आभार जताया। इसमें सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश में ओबीसी समाज की क्रीमी लेयर की पुरानी मांग थी। अब इससे लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। क्रिमीलेयर की आय सीमा को 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख करना नायब सरकार की पिछड़ा वर्ग को नायब सौगात है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की वर्षों पुरानी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 23 जून को मंजूर कर ओबीसी वर्ग का दिल जीतने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने जहां क्रीमी लेयर की आय सीमा बढ़ाई, वहीं विशेष भर्ती अभियान द्वारा ओबीसी श्रेणी की रिक्त पड़ी सीटों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा की है। ओबीसी वर्ग के छात्रों को 12 हजार से 20 हजार रुपये की छात्रवृति देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि राज्य की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के सौंदर्यकरण एवं नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आंबटित कर सबका साथ सबका विकास के नारे को सार्थक किया है।

### सात नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के नौ लाख 73 हजार 350 पौधे तैयार किए

# मानसून के साथ ही जिले को हरा-भरा बनाने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज. जींद

मानसून की शुरूआत के साथ ही वन विभाग पौधरोपण अभियान चलाकर जिले को हरा-भरा बनाने की कवायद शुरू कर दी हे। वन विभाग ने पौधारोपण अभियान के लिए जिले की सात नर्सरियों में विभिन्न प्रजातियों के नौ लाख 73 हजार 350 पौधे तैयार किए हैं। वन विभाग के अनुसार पौधारोपण अभियान के लिए सडक़ एवं नहरों के साथ गड्ढे खोदने का कार्य शुरु करवा दिया है। इस अभियान की शुरुआत हो गई है। जिले के एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत कर दी है और पौधे बांटने का काम भी शुरू कर दिया है। हालांकि यह अभियान जुलाई की शुरुआत में ही किया जाना था लेकिन बारिश नहीं होने के कारण सडक़ों के किनारे पौधे लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। वन विभाग इस बार वन क्षेत्र को बढ़ावा देने का प्रयास तो करेगा ही साथ ही स्कूलों, सामाजिक संस्थाओं व अपने स्तर पर जहां हरियाली कम है वहां पर पौधे लगाएगा। साथ ही जिले में बने अमृत सरोवरों पर भी फलदार व छायादार पौधे लगाए जाएंगे। इस बार वन विभाग ने पिछले साल की अपेक्षा लगभग दो लाख पौधे अधिक लगाने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त रेलवे लाइनों तथा रजवाहों के साथ लगती खाली भूमि के अलावा अन्य जगहों पर भी चार लाख 95 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



**जींद।** नर्सरी से पौधे लेने आए छात्र। *फोटो : हरिभूमि*

### इस तरह होगा पौधे लगाने का शेड्यूल

वन विभाग की तरफ से शहर के ग्रीन बेल्ट एरिया में 2500 पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा वन विभाग एरिया में 25 हजार पौधे लगाने का टारगेट मिला है। वहीं डेवलपमेंट ऑफ एग्रो फोरेस्टरी इन कॉम्यूनिटी फार्म लैंड स्कीम के तहत खेतों में चार लाख 95 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यह पौधे किसानों की मर्जी अनुसार उनके खेतों में लगेंगे। स्कूल, संस्थानों में 12500 पौधे, गांव की बणी, शिवधाम में 2500 पौधे, तालाबों तथा पोंड पर 350 पौधे लगाए जाएंगे। वहीं पौधागिरी अभियान के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी निशुल्क 62 हजार पौधे वितरित किए जाएंगे। वन विभाग के अनुसार गांव में पंचायतों की खाली पड़ी जमीन पर दो लाख 25 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा पंचायतों, ब्लॉक समिति मैंबरों को 82 हजार पौधे वितरित किए जाएंगे।

### बारिश होते ही चलेगा पौधरोपण अभियान

वन विभाग ने इस बार लगभग नौ लाख 73 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। पिछले साल जहां लगभग सात लाख पौधे लगाए गए थे। वहीं इस बार इसकी संख्या दो लाख और बढ़ा दी गई है। वन विभाग का मुख्य लक्ष्य उन स्थानों पर रहेगाए जहां पेड़ कटे हैं। अभी जिले में कम ही बारिश हुई है, जैसे ही बारिश का दौर चलेगा तो जिले में पौधरोपण अभियान शुरू कर दिया जाएगा। जिले में पौधरोपण अभियान 15 अगस्त तक जारी रहेगा। इस अभियान के तहत सर्व प्रथम वन विभाग खुद पौधरोपण करेगा। खुद का टारगेट पूरा करने के बाद स्कूलए कालेजों एवं पंचायतों के माध्यम से पौधरोपण करवाया जाएगा। इसके अलावा लोगों को अपने घरों एवं प्लाट पर पौधे लगाने के लिए निशुल्क दिए जाएंगे।

### नौ लाख 73 हजार पौधे लगाने का निर्णय : पवन ग्रोवर

वन मंडल अधिकारी पवन ग्रोवर ने बताया कि पौधा गिरी कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को घरों में लगाने के लिए पौधे वितरित किए जाएंगे। वहीं ग्राम पंचायतों से भी पौधरोपण करवाया जाएगा। जिले में इस बार नौ लाख 73 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधे लगाने की शुरूआत हो चुकी है। सरकारी स्कूल, कॉलेजों, पंचायती जमीन पर भी पौधे लगाए जाएंगे।

### मकान विवाद में महिला से मारपीट, छह नामजद

**जींद।** श्याम नगर में महिला के साथ मारपीट करने पर शहर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। श्याम नगर निवासी सुनीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने वर्ष 2023 मे उत्तमचंद से मकान खरीदा था। जिसका ब्याना दिया जा चुका था। बाद में उत्तमचंद ने मकान की रजिस्ट्री करवाने से मना कर दिया। गत दिवस वह अपनी बेटी से मिलने गई हुई थी। शाम को घर वापस लौटी तो उत्तमचंद कुछ लोगों को साथ लेकर आया हुआ था। मकान का ताला टूटा हुआ था। काफी सामान गायब था। जब गायब सामान के बारे में पूछा तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे काफी चोटें आई। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपितो ने उसके साथ अश
भी की।

## खबर संक्षेप

### दंपति से मारपीट करने पर तीन पर मामला दर्ज

**जींद।** खेत में जाने से रोकने पर थाने शिकायत देकर लौट रही महिला तथा उसके पति पर आरोपितों ने हमला कर घायल कर दिया। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव उझाना निवासी रानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके जेठ महेंद्र ने उसका खेत में जाते समय रास्ता रोक दिया।

### नशीला पदार्थ सुंघाकर सोने की बाली निकाली

**जींद।** अपोलो चौक नरवाना पर दो व्यक्तियों ने महिला को नशीला पदार्थ सुंघा कर सोनो की बाली तथा 600 रुपये की नगदी को निकाल लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने महिला की शिकायत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नि:शुल्क चर्म रोग शिविर में हुई 85 की जांच

**जींद।** भारत विकास परिषद भूतेश्वर शाखा द्वारा भारत सिनेमा रोड पर निशुल्क चर्म रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष नारिश रोहिल्ला ने बताया कि परिषद के 61वें स्थापना दिवस एवं परिषद के संस्थापक डा. सूर्य प्रकाश के जन्मदिवस पर यह निशुल्क चर्म रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें स्किन स्पेशलिस्ट डा. सचिन गोयल ने जांच की।

### संदिग्ध हालात में महिला गायब, मामला दर्ज

**जींद।** गांव बीबीपुर से जींद कोचिग सेंटर के लिए निकली महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव बीबीपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी कोचिंग के लिए जींद आई थी।

### मनुष्य को जीवन में विनम्र होना चाहिए : मुनि

**सफीदों ।** नगर की श्री एसएस जैन स्थानक में धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैन संत श्रीपाल मुनि महाराज ठाणे-3 ने कहा कि हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख-समृद्धि व शांति बनी रहे। इसके लिए परिवार के हर सदस्य के अंदर एकजुटता, समर्पण, विनम्रता व बलिदान की भावना होनी चाहिए।

### चौधरी घासीराम की पुण्यतिथि मनाई जाएगी

**नरवाना।** शहर की नई अनाज मंडी में स्थित चौधरी घासीराम नैन रेस्ट हाउस में नफे सिंह ईगरा की अध्यक्षता में स्वर्गीय चौधरी घासीराम नैन की सातवीं पुण्यतिथि मनाने के लिए मीटिंग हुई। जिसमें सर्व समिति से कलायत की अनाज मंडी में मनाई जाने का फैसला लिया गया। इस मीटिंग में किसानों ने कहा कि सरकार ने किसानों की लंबित मांगे नहीं माने तो भारतीय किसान यूनियन हरियाणा 20 जुलाई 2024 को संघर्ष का बिगुल बजा देगी जिसका खामियाजा हरियाणा सरकार व भारत सरकार ने भुगतना पड़ेगा।

### पीने के पानी की समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान

# महाग्राम छात्तर में समस्याओं का अंबार, समाधान नहीं

### सिंगारा पत्ती में गंदे पानी का तालाब सबसे बड़ी परेशानी बन रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



उचाना। स्कूल के पास नजर आ रही गंदगी। फोटो : हरिभूमि



उचाना। सिंगारा पत्ती में गंदे पानी का तालाब। फोटो : हरिभूमि

उचाना उपमंडल के बड़े गांवों में शामिल छात्तर को बीती सरकार में महाग्राम का दर्जा दिया गया। सरकार द्वारा महाग्राम में शामिल गांवों को शहरी तर्ज पर सुविधाएं दी जानी थी। छात्तर गांव के लोगों को महाग्राम का दर्जा दिए जाने के छह साल के बाद भी कोई फायदा नहीं मिल रहा है। छात्तर गांव साल दर साल समस्याओं का महाग्राम बनता जा रहा है। वीरेंद्र मोर, सुभाष मोर, सतबीर मोर, ईश्वर मोर, भीम सिंह मोर, मा. भोपल ने कहा कि बीती सरकार में छात्तर गांव को महाग्राम का दर्जा दिए जाने की घोषणा गांव में आयोजित जनसाभ में तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने की। गांव के लोगों को विकास तेजी से होने की उम्मीद हुई थी। जो समस्याएं है उनका समाधान होगा इसको लेकर भी ग्रामीण खुश हुए थे। अब छह साल बीतने को है लेकिन समस्याओं का अंबार छात्तर में लगा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि राजकीय स्कूल पास एवं सिंगारा पत्ती में गंदे पानी का तालाब सबसे बड़ी परेशानी बन रहा है। यहां पर पशु पानी पीने नहीं जाते है। जो पानी है वो पशुओं के पीने के काबिल भी नहीं है। संडील वाले रास्ते पर जो तालाब है जहां पशु पानी पीते है वहां गंदा पानी की निकासी हो रही है।

#### समस्याओं की भरमार

सरपंच ओमप्रकाश ने कहा कि गांव के तालाबों में गंदा पानी भरा हुआ है। तालाबों से पानी ओवर फ्लो होकर घरों में भर रहा है। पशु अस्पताल में वीएलडीए की नियुक्ति नियमित नहीं है, पीएचसी में डॉक्टरों के पद रिक्त है, कॉलेज की बिल्डिंग नहीं बनी है तो पीने के पानी सहित अन्य बहुत समस्याएं है। इसको लेकर बार-बार प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित में दे चुके है। महाग्राम का दर्जा मिलने का अब तक कोई फायदा गांव को नहीं हो रहा है।

#### पीने के पानी की किल्लत

उन्होंने कहा कि गांव में जलघर तो है लेकिन पीने के पानी की किल्लत बनी हुई है। जलघर के टैंकों में नहरी पानी की मांग कर चुके है। इस समय जो पानी आ रहा है वो जलघर में बोर से है। गांव में बूस्टिंग स्टेशन बने है लेकिन सप्लाई को लेकर परेशानी है। गांव में खिलाड़ियों के लिए खेल स्टेडियम नहीं है। सीवरेज की लाइन महाग्राम योजना के तहत बिछाई जानी थी। पीएचसी गांव में है लेकिन डॉक्टरों के पद रिक्त है। ऐसे ही पशु अस्पताल है लेकिन वीएलडीए से ही काम चल रहा है डॉक्टर का पद रिक्त है। गांव में कॉलेज मंजूर होने के बाद थुआ रोड पर राजकीय स्कूल में कक्षाएं चल रही है।

# जींद पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष मनोज बागड़ी

- 13 जुलाई को होने वाले कार्यक्रम को लेकर लिया तैयारीयों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी कार्यकर्ताओं के साथ।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर 13 जुलाई को जींद मे होने वाले कांग्रेस न्याय पत्र से संबंधित अनुसूचित जाति विभाग के कार्यक्रम को लेकर अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी जींद पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस मे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर कार्यक्रम से संबंधित रूप रेखा तैयार की। मनोज बागड़ी ने बताया कि विधान सभा चुनाव को लेकर पार्टी लगातार हर जिले में अनुसूचित जाति विभाग के कार्यक्रम कर रही है। उन्होंने कहा कि 13 जुलाई को जींद में भी अनुसूचित जाति विभाग का एक कार्यक्रम जींद में रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया की शिरकत करेंगे। बागड़ी ने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति विभाग के तमाम पदाधिकारियों ने दिनरात मेहनत कर पार्टी को मजबूती प्रदान की थी उसी प्रकार विधानसभा चुनाव में भी तमाम पदाधिकारी मेहनत कर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।



जुलाना। बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक।

### जुलाना के लंगरघर पर पूर्व सैनिकों की हुई बैठक

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे के लंगरघर पर पूर्व सैनिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक जीत सिंह ने ही। पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए जीत सिंह ने कहा कि जुलाना में पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए कैंटीन की व्यवस्था होनी चाहिए। कैंटीन की मांग को लेकर कई बार पूर्व सैनिक सांसदए विधायक और उपायुक्त तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई भी समाधान नही हो पाया है। कैंटीन के अलावा सैनिकों के सम्मान के लिए एक पार्क की व्यवस्था भी जुलाना में होनी चाहिए।



जुलाना। पुराने बस स्टैंड के पास पत्रकारों से बात करते हुए सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।

### जुलाना में पहुंचे सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी

**जुलाना।** जुलानाकस्बे के पुराने बस स्टैंड के पास सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी पहुंचे। सतपाल ब्रह्मचारी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में बदलाव की हवा चल रही है और प्रदेश में कांग्रेस की बहूमत की सरकार बनेगी। लोकसभा चुनाव में देखने को मिला की लोग भाजपा से तंग है और प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को 5 सीटें देकर विधानसभा का बहूमत का रास्ता साफ किया है। भाजपा की नीतियों के चलते आज लोग दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। प्रदेश में किसानए मजदूरए कर्मचारी सड़कों पर उतर कर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन प्रदेश की सरकार को जनता के मुद्दों से कोई सरोकार नही है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाएं पौधे : दीवान

- पर्यावरण शुद्धि से ही हमारा आने वाला भविष्य उज्जवल होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पिल्लूखेड़ा थाना में पौधे रोपते हुए समिति सदस्य। फोटो : हरिभूमि

युवा विकास समिति द्वारा साप्ताहिक पौधारोपण अभियान के तहत तीसरे दिन पिल्लूखेड़ा के थाने में फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। युवा विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रेढू ने बताया कि समिति प्रतिदिन जगह-जगह पौधे लगाने का काम कर रही है। एसएचओ दीवान सिंह ने कहा कि पेड़, पौधे ही शुद्ध वातावरण बनाते हैं। पौधे लगाने में सभी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। पेड़ पौधे लगाने से ही पर्यावरण शुद्ध रहता है। जिससे बीमारियां कम होती हैं। हम सभी चाहते हैं कि शुद्ध हवा हो, इसलिए सभी को पेड़ पौधे अवश्य लगाना चाहिए। समिति महासचिव विनोद शर्मा व संयोजक प्रवीण सैनी ने कहा कि पर्यावरण शुद्धि से ही हमारा आने वाला भविष्य उज्जवल होगा। पौधों से हमें जीवनदायनी ऑक्सीजन, औषधि, फल व फूल तथा छाया मिलती है और हजारों पक्षियों व पशुओं के लिए ये प्राकृतिक आवास भी हैं। उन्हें भी चारा व भोजन इनसे मिलता है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ों का रोपण तथा संरक्षण करना चाहिए। इस मौके पर राजेश, विनोद, रोहताश, अनिल कुमार, जोगिंद्र, शीला सैनी आदि मौजूद रहे।



### जिसको भाजपा ने सब कुछ दिया वो आज निकाल रहे कमी : देवेंद्र

**उचाना ।** गांव करसिंधु पहुंचे भाजपा नेता देवेंद्र अत्री, भाजपा नेत्री सुषमा अत्री का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। देवेंद्र अत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने समान विकास की सोच के तहत काम करवाया है। क्षेत्रवाद को समाप्त करते हुए पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के काम करवाया जा रहा है। सरकारी नौकरियों में परिवारवाद, सिफारिशों को समाप्त करके भाजपा ने बिना पर्ची बिना खर्ची के पढ़े लिखे आम घरों के युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। जिसने कभी सोचा नहीं था कि वो अफसर बन सकते है वो अपनी पढ़ाई के दम पर ईमानदार भाजपा सरकार में अफसर बने है। उन्होंने कहा कि इस बार जो चुनाव होगा वो उचाना के लिए अहम होगा। इस चुनाव में मतदाता परिवारवाद के खिलाफ मतदान करेंगे। जो बीते 50 सालों से लोगों को बांगर में सत्ता लाने के नाम पर वोट मांगते रहे। दस साल तक भाजपा में केंद्र में पद लेने के साथ-साथ बेटे को सांसद, पत्नी को विधायक बनवा गए वो आज भाजपा में कमी निकाल रहे है।

# ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना जरूरी : एसएचओ ईश्वर सिंह

- सिटी थाना में चलाया गया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों



सफीदों। थाना परिसर में पौधारोपण करते हुए सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह व अन्य।

नगर के सिटी थाना में रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने शिरकत की। इस मौके पर एसआई कृष्ण कुमार, एएसआई सुरेश कुंडू, एएसआई सुरेश कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद था। थाना प्रभारी ने अपने हाथों से थाना परिसर में अनेक फलदार व छायादार पौधे लगाए। अपने संबोधन में एसएचओ ईश्वर सिंह ने कहा कि आज के दौर में पौधारोपण की महती आवश्यकता है। बिगड़ता पर्यावरण आज बड़ी चिंता का विषय है। इसलिए बिगड़ते पर्यावरण को बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने होंगे। हम सब का दायित्व है कि हम पर्यावरण के सरंक्षण के प्रति जागरूक हो। अगर यही हालात रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हमें सांस लेना भी दूभर हो जाएगा। सृष्टि के चक्र को सफलतापूर्वक संचालन में पेड़-पौधों का बड़ा योगदान है।



उचाना। जनसंपर्क अभियान के दौरान दिनेश डाहोला। फोटो : हरिभूमि

### सत्ता खिसकती देख भाजपा को आई चुनाव के समय सरपंचों की याद : दिनेश डाहोला

**उचाना।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश डाहोला ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा में अपनी सत्ता को खिसकते देख भाजपा सरकार को आखिकार सरपंचों की याद आई है, लेकिन प्रदेश के सरपंच सरकार द्वारा उनके साथ की गई धक्केशाही को भूले नहीं है। सरपंच, प्रदेश के मतदाता सरकार के किसी तरह के बहकावे में नहीं आने वाले है। डाहोला ने कहा कि सरकार ने अपने अब तक शासनकाल में सरपंचों के अधिकार छीन्ने का काम किया है। भाजपा ने पहले दो साल तक पंचायतों के चुनाव न करवा कर गांवों में विकास कार्यों को रोके रखा और जब जनता के दबाव में चुनाव करवाए तो उसके बाद सरपंचों के हाथ बांध दिए।

# अर्बन एरिया पॉवर हाउस की बढ़ेगी पावर

- पावर हाउस की क्षमता को को बढ़ा कर 30 एमवीए किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

अर्बन एरिया के 33 केवी पॉवर हाऊस की क्षमता को बढ़ाने के लिए बिजली निगम ने 150 लाख रुपये के आस-पास की राशि खर्च की है। पॉवर हाउस में 10एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया है। पहले यहां पर 20 एमवीए की क्षमता थी। इस क्षमता को बढ़ा कर 30 एमवीए किया जा रहा है। 30 एमवीए क्षमता होने के बाद लगने वाले ओवर लोडिंग कटों से लोगों को राहत मिलेगी। पावर हाउस के अर्बन एरिया में उचाना मंडी, जेटीएल फीडर है तो खेतों के एपी फीडर पर उचाना कलां, पालवां, करसिंधु है। जल्द जो 10 एमवीए का



उचाना। अर्बन एरिया पावर हाउस में रखा गया 10एमवीए का ट्रांसफार्मर।

ट्रांसफार्मर रखा गया है उसको शुरू कर दिया जाएगा। उचाना निवासी जगरूप, मंजीत, राजेश, सुभाष ने कहा कि कुछ दिनों से ओवर लोडिंग के चलते लगने वाले कटों से लोग परेशान है। बार-बार बिजली के कट लगने का कारण ओवलोडिंग पॉवर हाऊस पर कार्यरत कर्मी बताते है। पॉवर हाऊस की क्षमता बढ़ाने की मांग की जा रही थी ताकि लगने वाले कटों से राहत मिले। अब पॉवर हाउस की क्षमता 20 एमवीए से बढ़ा कर 30 की जा रही है।

#### 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया

बिजली निगम उचारा के एसडीओ संजीव ने बताया कि 33 केवी अर्बन एरिया की क्षमता बढ़ाने के लिए 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा गया है। 150 लाख रुपये के आस-पास की राशि बिजली निगम ने इस पर खर्च की है। जल्द इसके शुरू होने के बाद ओवरलोडिंग से लगने वाले कट बंद होंगे।



जींद। अवलोकन करते हुए राजेश वशिष्ठ।

### जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने किया एफएलएन कक्षाओं का अवलोकन

**जींद ।** निपुण भारत मिशन के तहत फाउंडेशनल लिट्रेशी एंड नयुमरेशी द्वारा बालवाटिका से पांचवी कक्षा के बच्चों के लिए स्थाई ज्ञान देने के लिए विभिन्न गतिविधियों के प्रयोग से खेल व पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता उपलब्ध करवाई जा रही है। राजेश वशिष्ठ ने बताया कि जिला स्तर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक एफएलएन, प्राचार्य डाईट, एपीसी,डाईट प्रवक्ता द्वारा व खंड स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी, एबीआरसी व बीआरपी द्वारा विद्यालयों में जाकर एफएलएन कक्षाओं का अवलोकन किया जा रहा है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ व एबीआरसी अमनदीप ने दालमवाला कलस्टर के दो विद्यालयों राजकीय प्राथमिक विद्यालय का अवलोकन किया गया।

# पूरा करें कार्यकारिणी का विस्तार : किताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जानकारी देते हुए रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी वैलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी।

रिटायर्ड कर्मचारी-अधिकारी वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान किताब सिंह भनवालाए महासचिव कुलदीप सिंह गोयत और प्रैस सचिव जगदीश पांचाल ने बताया कि एसोसिएशन की जुलाई मास में होने वाली मासिक मीटिंग इस बार नहीं होगी। यह मीटिंग अब अगले महीने 10 अगस्त को जाट धर्मशाला में होगी। प्रधान किताब सिंह भनवाला ने कहा कि सभी ब्लाक प्रधानों, सचिवों को निर्देश दिए हैं कि अपनी-अपनी नवनिर्वाचित कार्यकारिणियों का विस्तार करके 25 जुलाई 2024 तक पूर्ण सूची जिला महासचिव कुलदीप गोयल के पास भेजेंगे। ब्लाक कार्यकारिणी में कम से कम 21 सदस्य व पदाधिकारी होने चाहिए और यह संख्या 25 तक भी हो सकती है। ब्लाकों से 25 जुलाई तक सूचना आने के बाद 31 जुलाई तक जिला कार्यकारिणी का भी पूर्ण गठन कर लिया जाएगा और 10 अगस्त की मासिक मीटिंग में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का परिचय करवाया जाएगा। 10 अगस्त की मीटिंग में भावी कार्यक्रम तय करके रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं बारे संघर्ष की रूपरेखा बनाकर 'वायंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के बैनर तले आन्दोलन संघर्ष चलाया जाएगा। महासचिव कुलदीप गोयत ने कहा कि कोम्प्यूटेशन की रिकवरी बारे सैंकडों रिट पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट में दाखिल हो चुकी है और कोर्ट ने इन सभी रिटों में रिटायरमेंट के 10 साल बाद कोम्प्यूटेशन की रिकवरी पर स्टे लगा दिया है और परिणाम स्वरूप और अधिक रिटें डालने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

### सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान दिया

# राजकुमार इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। इंडियन आइकॉन अवार्ड के साथ राजकुमार गोयल। फोटो : हरिभूमि

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल को सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए इंडियन आइकॉन अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान बेस्ट सोशल वर्कर आफ द ईयर की श्रेणी में दिया गया है। सामाजिक कायोंर् में उल्लेखनीय सेवाओं को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया है। राजकुमार गोयल को मिले इस सम्मान पर शहर की विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। राजकुमार गोयल जींद के समाजसेवी हैं। वे पिछले लगातार 25 सालों से समाज सेवा से जुडे.हैं।

#### गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा में बड़ा योगदान

उनका योगदान शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर इत्यादि क्षेत्रों में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करने और समाज में बढ़ रहे विवादों को पंचायती तौर पर निपटाने में भी वे हमेशा अग्रणी रहते हैं। उनका गरीब और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा के लिए बड़ा योगदान है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए भी उन्होंने कई अच्छी पहल की हैं। पर्यावरण और वृक्षारोपण को लेकर को भी लेकर वे समय समय पर कार्य करते रहते हैं। स्वच्छता अभियान में भी वे सक्रिय रहे हैं। वे समय- समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करते रहते है। वे सामाजिक न्याय के तहत गरीब व दबे कुचले लोगों की आवाज भी उठाते रहते हैं। कोरोना काल में भी उनके द्वारा किए गए कायारे् को भूला नहीं जा सकता। उन्होंने कोरोना जैसी खतरनाक बीमारी से न डरते हुए अस्पतालों में जा-जा कर मरीजों की जो सेवा की वह अपने आप में एक उदाहरण है। राजकुमार गोयल द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक कायोंर् ने समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वास्तव में समाज के प्रति समर्पण भाव ने राजकुमार गोयल को जींद और आसपास के क्षेत्र में एक आदर्श व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया है। राजकुमार गोयल ने कहा कि उन्हें जो यह सम्मान दिया गया है, उसके लिए वे आयोजकों के तहदिल से आभारी है। गोयल ने कहा कि समाज सेवा को उन्होंने अपना धर्म बना लिया है। समाज सेवा करने से जहां जरूरत मंदो की सहायता होती है वहीं साथ ही खुद के मन को भी बड़ी शांति मिलती है। उन्होने संदेश दिया कि हम सबको भी समय समय पर समाज सेवा करते रहना चाहिए। समाज सेवा करना समाज का सबसे बड़ा धर्म का कार्य है और धर्म के कार्य में हम जितनी ज्यादा आहुति डाल सकते है उतनी डालनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

**राजौंद।** राजौंद के सरकारी मॉडल स्कूल में एन एस एस स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया तथा एक-एक पेड़ घर ले जा कर उसकी देखभाल करने की शपथ ली। प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों को पौधों की महत्ता के बारे में जानकारी दी गई। प्रमुख समाजसेवी व प्रवक्ता कॉमर्स शिव कुमार ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शोभा बढाई। प्रोग्राम अधिकारी विकास नेहरा ने इको क्लब इंचार्ज प्रशांत के सहयोग से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की व बच्चों के जलपान की व्यवस्था भी की गई।

### लाठी डंडों से मारपीट में महिला घायल

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। खुराना के दयाल सिंह ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 30 जून को नसीब, जितेंद्र, साहिल तथा 8-10 अन्य व्यक्तियों ने मिलकर लाठी और डंडों से मारपीट करते हुए उसकी मां ओमी देवी को घायल कर दिया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल जयपाल ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मकान से एलसीडी चोरी का मामला दर्ज

**कैथल।** चीका पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। डेरा बाजीगर कलरमाजरा की रेखा देवी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि अज्ञात चोर 6 जुलाई को उसके घर में लगी एलसीडी चुरा कर ले गए। चुराई गई एलसीडी की कीमत करीब 4000 बताई गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बुजुर्ग के खाते से 4 लाख 28 हजार निकलवाए

**कैथल।** अज्ञात व्यक्तियों ने एक बुजुर्ग के खाते से 4 लाख 28 हजार रुपए की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। मांडी सदरां के अंग्रेज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वरिष्ठ नागरिक है। उसका सीवन के एचडीएफसी बैंक में खाता है। उसे गांव में कुछ जमीन खरीदनी थी इसके लिए वह अपने बैंक खाते से 6 लाख रुपए निकालने के लिए बैंक में गया। जब उसने पैसे निकलवाने का प्रयास किया तो बैंक कर्मचारियों ने बताया कि उसके खाते में 6 लाख रुपए नहीं है। उसने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करते हुए उसके खाते से 428000 की राशि निकालवा ली।

### 10 रुपये में भर पेट शुद्ध व ताजा भोजन उपलब्ध

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अंतर्गत अनाज मंडियों में अटल किसान मजदूर कैंटीन का संचालन किया जा रहा है। इस कैंटीन में दोपहर का भोजन मात्र 10 रुपये प्रति थाली उपलब्ध करवाया जाता है। कैंटीन को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा चलाया जाता है। सब्सिडी राशि रुपये 15 रुपये प्रति थाली का वहन हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड / मार्किट कमेटी द्वारा वहन किया जाता है। इस कैंटीन के माध्यम से प्रदेश सरकार ने जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने का काम किया है, वहीं मजदूर व किसान को सस्ते दर पर भर पेट शुद्ध व ताजा भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।

### कैथल में छुट्टी के दिन भी बने हैप्पी कार्ड

**कैथल।** कैथल में नए बस स्टैंड पर लाभार्थियों को राहत देते हुए रविवार को छुट्टी के दिन भी हैप्पी कार्ड बनाए गए। यह कार्ड हरियाणा रोडवेज के कैथल डिपो के महाप्रबंधक कमलजीत चहल के निदेर्शों पर बनाए गए। महाप्रबंधक ने पास काउंटर पर मौजूद कर्मचारियों की हैप्पी कार्ड बनाने के लिए स्पेशल ड्यूटी लगाई। इससे लाभार्थियों को राहत मिली। हरियाणा सरकार ने हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के अंतर्गत 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के लिए हैप्पी कार्ड की घोषणा की है।

## पूर्व सैनिकों ने देवीलाल पार्क चीका में की मासिक बैठक

# ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में डेडिकेटेड एंबुलेंस व्हीकल का करवाएं प्रबंध

- तहसील एवं खंड लेवल पर सी एस डी कैंटीन खुलनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

पूर्व सैनिकों ने देवीलाल पार्क चीका में की मासिक मीटिंग। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन जिला कैथल ने जुलाई मास की मासिक मीटिंग चौधरी देवीलाल पार्क चीका में की। मीटिंग करने का मुख्य उद्देश्य ये रहा की चीका के पूर्व सैनिक जो कैथल मीटिंग में नहीं पहुंच सकते उनसे मिलकर उनके साथ विचार विमर्श और उनका दुख सुख सांझा करना था।मीटिंग जिला एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में हुई खंड गहुला की तरफ से गहुला के महासचिव



**कैथल।** बैठक में उपस्थित पूर्व सैनिक। फोटो : हरिभूमि

कैप्टन देवी दयाल ने की। सभी साथियों के साथ में विचार विमर्श करने के बाद में अपनी समस्या रखते हुए कहा कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक में डेडीकेटेड एंबुलेंस व्हीकल का बंदोबस्त करवाया जाना चाहिए और तहसील एवं खंड लेवल पर सी एस डी कैंटीन खुलनी चाहिए। इन का इंतजाम किया जाना चाहिए क्योंकि गहुला तहसील का एरिया बहुत सा घाघर पार है।उन पूर्व सैनिकों को ,वृद्धि वीरांगनाओं को व डिसएबल साथियों को कैथल जाने में बहुत भारी दिक्कत आती है और कई साथियों ने अपने पर्सनल समस्याएं भी मीटिंग में रखी इस बारे एसोसिएशन प्रधान ने सभी को भरेसा दिलाया इन बारे हम जल्दी से जल्दी कार्रवाई करके प्रशासन शासन एवं सब एरिया हेड क्वार्टर के सामने रखेंगे और इनका समाधान करवाने की कोशिश जल्द से जल्द की जाएगी। इसके साथ एसोसिएशन द्वारा चलाई गई मुहिम शहीदों के नाम स्कूलों के एम आई एस पोर्टल पर अपडेट, स्कूलों में शहीदों के स्मारक और पूर्व सैनिकों के अंतिम संस्कार में एसोसिएशन का पहुंचकर उनको मान सम्मान देना आदि जो एसोसिएशन ने मुहिम चलाया है उसे जारी रखा जाना चाहिए। एसोसिएशन प्रधान ने सभी साथियों से सहयोग देने एवं सदस्यता बढ़ाने की अपील की क्योंकि जब तक हम आपस में सहयोग नहीं करेंगे और अपनी सदस्यता नहीं बढ़ाएंगे तब तक हम सफल नहीं हो सकते। इस मौके पर जिला महासचिव जे डब्लू ओ दलबीर सिंह, रिसालदार कर्मवीर भाल,कैप्टन मुख्तार सिंह जांगड़ा, गहुला महासचिव कैप्टन देवी दयाल, कैप्टन सरवनसिंह ,रिशालदार बलदेव सिंह, रिसालदार प्रताप सिंह ,हवलदार दलबीर सिंह, हवलदार रामकुमार,हवलदार अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।



**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में कार्यक्त्रम के दौरान मंचासीन प्रो. दिनेश कौशिक व राजेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## फतेहपुर में पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हल्के से 2 बार विधायक रहे वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. दिनेश कौशिक ने कहा कि वे पूंडरी में विकास के साथ-साथ सब डिवीजन का दर्जा दिलवाने के लिए हमेशा से प्रयासरत रहे और जब तक इस कार्य को नहीं करवाउंगा तब तक चैन से नहीं बैठूंगा। दिनेश कौशिक गांव फतेहपुर में ब्लाक समिति के प्रतिनिधि राजेश शर्मा उर्फ रिंकू के निवास पर ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर राजेश शर्मा ने साथियों सहित दिनेश कौशिक का भव्य स्वागत किया और उन्हें आश्वस्त किया कि विधानसभा चुनावों में गांव में से हमेशा की तरह एक तरफा जीत करवाएंगे। राजेश शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए दिनेश कौशिक ने कहा कि पूंडरी सब डिवीजन बनने के बाद विकास की गति भी तेज होगी और लोगो के घर बैठे कार्य होंगे, अधिकारियों के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे, जिससे समय व धन की बचत होगी। इस मुख्य मांग को लेकर उन्होंने 2 बार सी.एम. नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और पूंडरी तहसील को जल्द से जल्द उप-मंडल का दर्जा दिलवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि पूंडरी हल्के में 54 गांव आते हैं। पिछले काफी समय से क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवो की जनता की मांग है कि अब तो पूंडरी को सब डिवीजन का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो भी अड़चने हैं उनको दूर करते हुए, पॉलिसी में बदलाव करके यह कार्य किया जा सकता है।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर शशी शास्त्री, त्रिलोकी शर्मा, मांगे राम, जंगी शर्मा, विजय पंच, देवा राम पंच, डिम्पल पंच, भगवत दयाल, देवराज कौशिक, अनूप कौशिक सहित अन्य मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगी स्पेशल लोक अदालत आयोजित

हरिभूमि नयूज ▶▶ कैथल

- सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितू वाई के बहल ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आगामी 29 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक न्यायालय में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं।

इसके तहत स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड के माध्यम से प्री-कंसिलीएटॉरी बैठकें आयोजित की जाएगी, जिसमें पार्टियों के मध्य सुलह की संभावनाओं को परखते हुए ऐसे मामलों पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

जिन मामलों में पार्टी सरकार है ऐसे मामले विशेष लोक अदालत में निपटाए जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि कानूनी सहायता परामर्शदाताओं को नियमित कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए नियुक्त किया जाता है। परामर्शदाता गाँवों में विशेष लोक अदालत के आयोजन और प्री-लोक अदालत बैठकों के दौरान दोनों पक्षकारों के बीच समझौते की संभावनाओं के बारे में भी जागरूक करने का कार्य करेंगे। विशेष लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए पैरा विधिक स्वयंसेवकों की सेवाएं ली जाएंगी। पीएलवी गांवों में विधिक साक्षरता शिविर के दौरान आम जनता को भी जागरूक करेंगे।

## सुरेश रोड का किया अभिनंदन



**पूंडरी।** सुरेश रोड का स्वागत करते प्रेम धीमान व अन्य कार्यकर्त्ता।

पूंडरी। जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य एवं कांग्रेस पिछड़ा वर्ग हलका प्रधान प्रेम धीमान ने कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रोड का पिछड़ा वर्ग समाज व अन्य बिरादरी के लोगों ने हार्दिक अभिनंदन और स्वागत किया। धीमान ने कहा सुरेश रोड लंबे समय से कांग्रेस पार्टी की सामाजिक एवं जल कल्याणकारी नीतियों का प्रचार राष्ट्रीय स्तर पर लगभग हर चैनल पर करते आए हैं जो कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्त्ताओं के लिए बड़े गौरव की बात है। सुरेश रोड कांग्रेस पार्टी की आवाज को धुरंधर तरीके से हरियाणा प्रदेश की जनता के लिए टी.वी. चैनलों पर लाइव डिबेट के माध्यम से समय-समय पर उठते हैं। हम सभी कांग्रेस जनों का यह नैतिक फर्ज बनता है कि हम सभी ऐसे कांग्रेस प्रवक्ता का अभिनंदन और स्वागत करे। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश रोड ने स्वागत करता सभी साथियों का धन्यवाद करते हुए कहा की सभी कांग्रेस पार्टी के साथीगण कांग्रेस पार्टी की नीतियों का पुरजोर प्रचार करें। हरियाणा प्रदेश में विधानसभा के चुनाव अक्तूबर महीने मे तारीख तय होने वाली है।

## न्यूज डायरी

### पंजाबी सेवा सदन ने जरूरतमंदों को बांटा राशन



**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की।प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह दिया जाता है । प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था जंहा गरीबों को राशन देने का कार्य कर रही है वंही सदन परिसर में बने मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर संस्थान में हर तरह के कोर्स मुफ्त करवा समाज सेवा का कार्य भी कर रही है।प्रधान ने आगे जानकारी देते बताया कि कंप्यूटर कोर्स संस्था द्वारा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान में मुफ्त करवाए जाते हैं।कंप्यूटर केंद्र का 11वा सत्र कंपलीट हो गया है और 12वा सत्र शुरू किया जा चुका है।कंप्यूटर कोर्स करने के इच्छुक युवक युवतियां पंजाबी सेवा सदन में संपर्क कर सकते हैं।प्रधान ने आगे बताया संस्था कल्पना चावला शिक्षा सम्मान योजना के तहत 50बच्चों की शिक्षा,ड्रेस व किताबों का खर्च वहन कर उनके भविष्य को संवारने का कार्य भी कर रही है।

### गुप्त नवरात्र की दूज पर श्रद्धालुओं ने की पूजा



**उचाना।** गुप्त नवरात्र की दूज पर देवभूमि बनभौरी माता भ्रामरी धाम पर श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करके मनोकामना पूर्ति की माता से कामना की। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं ने नारियल, लाल चुनरी, प्रसाद से पूजा-अर्चना की। मंदिर पुजारी सुरेश कौशिक ने कहा कि हिंदू धर्म में चैत्र व शारदीय नवरात्र प्रमुख रूप से मनाए जाते है। माघ और आषाढ़ मास में भी नवरात्र आते है जिन्हें गुप्त नवरात्र के नाम से जाना जाता है। छह जुलाई से शुरू हुए गुप्त नवरात्र 15 जुलाई तक रहेंगे। श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा और आस्था से मां की पूजा-अर्चना करे। माता अभय प्रदान करने वाली अकाल मृत्यु हारने वाली वह सभी रोगों को दूर करने वाली है। उन्होंने कहा कि पूरे मन से मां की आराधना करो और मनवांछित फल के अधिकारी बनो। माता भ्रामरी सब इच्छाएं पूर्ण भक्तों की करें ये ही कामना माता से करते है। तृतीय गुप्त नवरात्रि पर माता को दूध का भोग लगाए, इससे सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति मिलती है। चुतर्थी पर माता को मालपूडा का भोग लगाए, इससे समस्याओं का अंत होता है। पंचमी तिथि पर माता को केले का भोग लगाए, इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। छठ को माता को शहद का भोग लगाए, इससे धन लाभ होने के योग बनते है।

### केंद्र को भी क्रीमीलेयर को पूर्णतः हटा देना चाहिए



**कैथल।** बामसेफ जिला इकाई कैथल की एक अति आवश्यक बैठक डॉ अम्बेडकर भवन खुराना रोड़ कैथल में हुई। बैठक की अध्यक्षता बामसेफ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला प्रधान रामनिवास मुवाल ने की। बैठक में ओबीसी की भागेदारी और क्रीमीलेयर पर चर्चा की गई। इस चर्चा में बामसेफ के राज्य उपाध्यक्ष गुरदेव जांगड़ा, लाल सिंह धानिया, संजीव कुमार, नरेश सजूमा, सुरेश द्रविड़ ने भाग लिया और प्रस्ताव पास किया कि असंवैधानिक क्रीमीलेयर को तुरंत हटाया जाए। हरियाणा सरकार को इसे हटाने की पहल करनी चाहिए, केंद्र सरकार को भी क्रीमीलेयर को पूर्णतः हटा देना चाहिए। यह ओबीसी वर्ग के विकास के रास्ते में बहुत बड़ा रोड़ा है और भारत के संविधान में कहीं भी क्रीमीलेयर के बारे में कोई उल्लेख नहीं है, इसलिए इसको जल्द से जल्द समाप्त करना चाहिए। जिला महासचिव कर्मबीर पठानिया ने जिले की संगठन की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया तथा पूर्व कोषाध्यक्ष बिजेंद्र राठी ने आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इसके पश्चात राज्य कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व जिला प्रधान रामनिवास मुवाल ने कार्यकारिणी को भंग किया और नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## जमकर बरसे बादल गर्मी से मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

रविवार को भी दोपहर तक बादल छाए रहे और शाम करीब पांच बजे तेज बारिश हुई। बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश होने के बाद शहर के निचले इलाकों में जलभराव भी हुआ। यह बारिश करीब आधे घंटे तक लगातार जारी रही। इसके चलते यह जिले में औसतन पांच एमएम बारिश दर्ज की गई। इससे पहले शनिवार को भी बारिश हुई थी। इस बारिश से लोगों को काफी राहत मिली थी। रविवार को सुबह से लेकर दोपहर तक धूप और छांव का खेल जारी था। ऐसे में उमसभरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही थी, लेकिन शाम के समय अचानक हुई बारिश ने लोगों को काफी राहत थी। जबकि इससे पहले उमस भरी गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल किया था। बारिश होने के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। क्योंकि अब खेतों में चल रहे धान रोपाई के कार्य में लगातार तेजी आएगी। वहीं, अवकाश का का दिन होने के कारण लोग सडकों और बाजारों में कम दिखाई दिए। इस दौरान अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के तहत अब नौ जुलाई को भी तेज बारिश की संभावना हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश वर्मा कृषि विज्ञान केंद्र समन्वयक ने बताया कि 10 व 11 जुलाई तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों गरज एवं चमक सकते हैं। मौसम में हुए बदलाव ने फसलों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। खासकर धान की खेती करने वाले किसानों को फायदा होगा।

## सरकार की अनदेखी के चलते शिक्षक संघ ने दिया 20 जुलाई को अनशन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- 36 आरोही मॉडल विद्यालयों का मेधावी स्टाफ नियमितिकरण की बाट जोहते हुए शोषण का शिकार बना हुआ है।
- अभी तक नियमितकरण की फाइल दफ्तरों के चक्कर ही काट रही है तथा किसी-किसी मेज पर तो दो-दो महीने तक धूल फांक रही है

2013 में सरकार ने 36 पिछड़े खंडों में हरियाणा बैकवर्ड ब्लॉक एजुकेशनल सोसायटी के अंतर्गत ये स्कूल खोले थे। यह सोसायटी पहले केंद्र सरकार से वित्त पोषित थी, जिसे बाद में प्रदेश सरकार ने अपने अधीन ले लिया। 36 आरोही मॉडल विद्यालयों का मेधावी स्टाफ नियमितिकरण की बाट जोहते हुए शोषण का शिकार बना हुआ है। ज्ञात हो कि पिछले 5 वर्षों में शिक्षा निदेशालय की तरफ से संतोषजनक 5 वर्ष पूर्ण कर चुके आरोही मॉडल विद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों के केस 04 बार मांगे जा चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक नियमितकरण की फाइल दफ्तरों के चक्कर ही काट रही है तथा किसी-किसी मेज पर तो दो-दो महीने तक धूल फांक रही है। अभी हाल ही में पिछले साल 11 महीने पहले 21 जुलाई 2023 को शिक्षा विभाग के तत्कालीन अतिरिक्त निदेशक महोदय हरियाणा सरकार के धुरंधर प्रशासनिक अधिकारी माननीय श्री राजेश खुल्लर जी की अध्यक्षता में आरोही मॉडल स्कूल सोसायटी की गवर्नमेंट बॉडी की मीटिंग हुई थी। जिसमें की आरोही मॉडल सोसायटी के नियमों पर चर्चा करते हुए। इनके 5 वर्ष पूरे कर चुके शिक्षक तथा गैर शिक्षक कर्मचारियों को नियमित करने का निर्णय लिया गया था।

उस गवर्निंग बॉडी की मीटिंग में शिक्षा विभाग के समस्त आला अधिकारी, लगभग चार या पांच के करीब कअर तथा इतने ही ल्ठउर तथा उच्च स्तर के अधिकारियों ने शिरकत की थी तथा समस्त नियमों पर चर्चा करते हुए यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आरोही मॉडल विद्यालयों के कर्मचारी 5 वर्ष की सेवा संतोषजनक रूप से पूर्ण कर चुके हैं उनको भी नियमित किया जाएगा। फाइल बड़ी ही तीव्र गति से चली परंतु अधिकारी के रिटायर होते ही फाइल पर वहीं ब्रेक लग गए परंतु बावजूद इसके शिक्षा निदेशालय के अधिकारी इस मामले में कोई भी तीव्रता व रुचि नहीं दिख रहे हैं।

## आलू उत्पादक किसानों ने डॉ. कादियान को दी बधाई

# डा. एमएस कादियान को आलू अनुसंधान में मिला अन्तरराष्ट्रीय पुरस्कार, हर्ष की लहर

- सेवानिवृत्ति के बाद भी डा. कादियान ने भारत में आलू उत्पादन में सुधार जारी रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

हरियाणा मूल के डा. मोहिन्द्र सिंह कादियान को 12वीं विश्व आलू कांग्रेस में उद्योग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत में पहुंचने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया। उन्हें करनाल में मिल कर बधाई देने के बाद सीवन के प्रमुख आलू उत्पादक मनीष मेहता मौजी ने सीवन में पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि 12वीं विश्व आलू कांग्रेस का आयोजन आस्ट्रेलिया के एडिलेड में 23 से 26




सीवन। डा. एमएस कादियान को बधाई देने पहुंचे सीवन व अन्य स्थानों के किसान।

जून को किया गया था। इस आयोजन में विश्व के विभिन्न देशों से आलू उद्यसेग के वैज्ञानिक, उद्योगपति और किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में डा. मोहिन्द्र सिंह कादियान को उद्योग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मिलने से प्रदेश के सभी आलू उत्पादक किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। उन्होंने बताया कि डा. मोहिन्द्र सिंह कादियान सोनीपत के किसान परिवार में जन्म हैं। उन्होंने 1983 में एक वैज्ञानिक के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र सीआईपी में शुरूआत की थी। उन्होंने भारत, भूटान, नेपाल, बंगलादेश और श्री लंका सहित पूरे दक्षिण एशिया में आलू की फसल सुधार को आगे बढ़ाने के लिए 4 दशकों से अधिक समय समर्पित किया है। आलू कृषि संबंधी पद्धतियों को आगे बढ़ाने, आलू की नई किस्तों का विकास, बीज आलू के उत्पादन में सुधार करने में उनके व्यापक काम से देश में आलू कृषक समुदाय और प्रसंस्करण उद्योग को बहुत लाभ मिला है। उन्होंने भारत सहित एशिया के अन्य देशों के किसानों को खेत पर ही आलू का अच्छा बीज तैयार करने, नई प्रजातियों का उपयोग करने तथा आधुनिक कृषि प्रणाली से आलू उत्पादन बढ़ाने संबंधित प्रशिक्षण देने पर काम किया है। मेहता ने बताया कि डा. कादियान ने अपने कैरियर के दौरान 122 से अधिक शोधपत्र आलू फसल अनुसंधान पर प्रकाशित किए हैं। 2018 में सेवानिवृत्ति के बाद भी डा. कादियान ने भारत में आलू किसानों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए प्रयास को जारी रखा है। इस समय वह सीपीआई के वरिष्ठ सलाहकार हैं जो कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, ओडिशा और मेघालय में कई परियोजनाओं में योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर डा. कादियान को बधाई देने वालों में डा. पूजा, डा. कृष्ण, डा. दीपा, हरविन्द्र संधु, अभिषेक व हरविन्द्र सैनी व अन्य शामिल थे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने मारी बाजी

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदर्श स्कूल के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में तर्कशक्ति और सामान्य ज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रश्न पूछे गए।आदर्श स्कूल जाखौली के छात्र-छात्राओं ने अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और मेहनत के बल पर सबसे अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारी मेहनत और बच्चों की लगन का परिणाम है। हमारे स्कूल के छात्र हमेशा ही शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। प्रतियोगिता में विजय प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में निशु कोमल आईना कामना ने टीम के रूप में एकजुट होकर इस प्रतियोगिता में भाग लिया और जीत हासिल की। सभी विजेता छात्रों को स्कूल प्रबंधक की ओर से सम्मानित किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब रजिस्ट्रार जींद**

**बबीता सिगंला पत्नी स्व. श्री राकेश सिगंला निवासी 1392 अर्बन इस्टेट जींद**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्व. श्री राकेश सिगंला पुत्र श्री मनी राम सिगंला की मृत्यु दिनांक 03-05-2021 को हो चुकी हैं इनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस हैः-

1-सलोचना सिगंला माता 2-बबीता सिगंला विधवा 3-हर्षित सिगंला पुत्र ही कानुनी वारिस हैं।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 01-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

**हस्ता/- तहसीलदार कम-सब रजिस्ट्रार, जींद**

## खबर संक्षेप



### सेढ़ा माजरा में लगाए जाएंगे एक हजार पौधे

**उचाना।** गांव सेढ़ा माजरा में 500 अलग-अलग जगह पर पौधरोपण किया गया। सरपंच प्रतिनिधि अनूप खटकड़ ने बताया कि गांव के निर्माणाधीन पार्क, स्कूल, तालाब के आस-पास, जलघर एवं शमशान घाट में पौधरोपण किया गया। गांव में 1 हजार पौधे लगाए जाने है। रविवार को 500 पौधे आए जिन्हें लगाया गया। पौधों की देखभाल के लिए एक व्यक्ति भी पंचायत ने रखा है ताकि बेसहारा पशु पौधों को न नष्ट कर दे।

### सड़क हादसे में एक घायल

**कैथल।** जिले के गांव उझाना के निकट हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उझाना के पुनीत ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 जून को किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपनी गाड़ी को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए हरमन को चपेट में लेकर घायल कर दिया। एएसआई दयानंद ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### खड़क पांडवः मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कलायत पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। खड़क पांडव के अमित ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 जुलाई को सुनील, प्रवेश और मनु ने उसके घर में घुसकर उस पर लाठी डंडे और गंडासियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह नौ को उचाना में

**उचाना।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह नौ जुलाई को हलके के विभिन्न गांवों के दौरे करेंगे। दिनेश थुआ ने बताया कि जीवनपुर गांव से दौरे की शुरूआत करने के बाद शाहपुर, थुआ गांव में पूर्व सांसद पहुंचेंगे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक

# क्रीमीलेयर की आय सीमा आठ लाख करना ओबीसी वर्ग को नायाब सौगात

भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कांबोज ने कहा कि पिछड़ा वर्ग की पुरानी मांगों को सीएम ने पूरी कर दिल जीत लिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। बैठक में भाग लेते हुए पूर्व मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज। फोटो : हरिभूमि

जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। जिसको संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने कहा कि क्रीमीलेयर की आय सीमा को छह लाख से बढ़ा कर आठ लाख करना नायब सरकार की पिछड़ा वर्ग को नायाब सौगात है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग की वर्षोर् पुरानी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 23 जून को मंजूर कर ओबीसी वर्ग का दिल जीत लिया है। इसके लिए आज यह प्रदेश कार्यकारिणी ध्वनि मत से मुख्यमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पारित करती है। कांबोज ने कहा कि 23 जून को मुख्यमंत्री ने जहां क्रीमीलेयर की आय सीमा बढ़ाई वहीं विशेष भर्ती अभियान द्वारा ओबीसी श्रेणी की रिक्त पड़ी सीटों को प्राथमिकता के आधार पर भरने की घोषणा की है। कांबोज ने बताया कि मुख्यमंत्री ने ओबीसी वर्ग के छात्रों को 12 हजार से 20 हजार रुपये की छात्रवृति देने की घोषणा की है। राज्य की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की धर्मशालाओं के सौंदर्यकरण एवं नवीनीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये आंबटित कर सबका साथ, सबका विकास को सार्थक किया है। ओबीसी मोर्चा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी में ध्वनि मत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फनिंदरनाथ शर्मा ने कहा कि प्रदेश का आम चुनाव में समय नहीं बचा है। इसलिए सभी कार्यकर्ता प्रदेश एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर जाकर बताएं। गत लोक सभा चुनाव में भी पिछड़ा वर्ग के लोगों ने भाजपा को भरपूर मात्रा में वोट करके तीसरी बार केंद्र में भाजपा की मोदी जी के केंद्र में सरकार बनाने में मदद की है। कार्यकारिणी बैठक का प्रारंभ भारत माता, मुखर्जी, दिनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित करने और वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने जिलों के प्रभारियों की भी घोषणा की। जिसमें पंचकूला के रमेशपाल नोहनी, अंबाला के संदीप वर्मा, यमुनानगर के नरेश सैन, कुरुक्षेत्र के कर्म सिंह बिट्टू, करनाल के डा. राजबीर आर्य सैनी, कैथल के मुकेश राठौर, पानीपत के कृष्ण रोहिल्ला, सोनीपत के श्याम सुन्दर करगवाल, रोहतक के प्रवीण कश्यप, जींद के धीरज सैनी, झज्जर के सज्जन यादव, भिवानी के नीरज प्रजापति, दादरी के बक्शी सैनी, सिरसाके रत्न सैनी, हिसार के डा. विनोद स्वामी, रेवाड़ी के प्रेम मौर्य, फतेहाबादके सुरेंद्र सैनी, महेंद्रगढ़ के शारदा यादव, पलवलके अशोक स्वामी, फरीदाबादके नंद किशोर बघेल, गुरुग्रामके सरिता जांगिड़, नूंहके महेंद्र सिंह होंगे।

# 40वीं निःशुल्क बस यात्रा को किया रवाना

- सुरजेवाला की स्मृति में श्रद्धालु श्री खाटू श्याम धाम व सालासर धाम के दर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाते अश्विनी शोरेवाला।

श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला की स्मृति में 40वी निशुल्क बस यात्रा आज सुबह पेहवा चौक से श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु मुख्य अतिथि जिला प्रधान अनाज मंडी एसोसिएशन व आरकेएसडी कॉलेज अश्विनी शोरेवाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान श्री धर्मबीर केमिस्ट एवं महासचिव अशोक मित्तल ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा दो दिवसीय यात्रा है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्तजन श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शन करके वापस कैथल लौटेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तजनों को आने-जाने खाने-पीने व रहने की व्यवस्था बिल्कुल निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं।उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है।

### बढ़ रहे है महिलाओं पर अत्याचारः ढुल

**उचाना।** महिला कांग्रेस की मीटिंग महिला जिलाध्यक्ष लाजवंती ढिल्लो की अध्यक्षता में हुई। जिला पर्यवेक्षक श्वेता ढूल, जिला उपाध्यक्ष सुमन राठी ने मुख्य रूप से मीटिंग में हिस्सा लिया। ब्लॉक स्तर पर गठित की गई कार्यकारिणी के पदाधिकारी मीटिंग में पहुंचे। मीटिंग में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव के मध्यनजर बूथ स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मीटिंग की जानकारी देते हुए लाजवंती ढिल्लो ने कहा कि देश में बढ़ रहे महिलाओं पर अत्याचारों को रोकने के लिए महिला संगठन मजबूती से लड़ेगा। किसानों, महिलाओं के हितों को लेकर निरंतर मुद्दे संगठन उठाने का काम करेगा।

## कांग्रेस की खटाखट वाली झूठ का हुआ पर्दाफाश : जसमेर रजाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



पत्रकारों से बातचीत करते हुए जसमेर रजाना।

भारतीय जनता पार्टी के लाभार्थी योजना के जिला संयोजक व सफीदों विधानसभा से पार्टी के वरिष्ठ नेता जसमेर रजाना ने बताया कि लोकसभा चुनाव मे कांग्रेस ने प्रदेश की जनता को 8500 रुपये देने वाला खटाखट का वादा झूठा निकला है। प्रदेश की जनता समझ गई है कि कांग्रेस चुनाव के समय झूठ बोल कर लुभावने वादे करती है और झूठ बोलकर वोट लेने का काम करती है। आने वाले विधानसभा चुनाव मे तीसरी बार नायब सरकार बनेगी। रजाना ने बताया की हरियाणा प्रदेश की जनता भूपेंदर हुड्डा के पिछले 10 वर्ष के कार्यकाल को भूली नही है। किस प्रकार भय का माहौल था। किसानों की जमीनों की ओने-पौने दामों में जबरदस्ती छीन कर अपने फायदों के लिए बिल्डरों को करोड़ों रुपये में देने का काम किया जाता था। खराब फसल के मुआवजे के नाम पर किसानों को दो व पांच रुपये का चेक भेजा था।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए संस्था पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### डा. सुरेंद्र सिंह प्रदेश अध्यक्ष मनोनित

**जींद।** जाट धर्मशाला में टपरीवास एवं विमुक्त जाति सामाजिक संगठन हरियाणा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। हरिकेश की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का उद्देश्य प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकारिणी का चुनाव करना रहा। बैठक में सभी ने चुनाव बारे अपने-अपने विचार रखे। अंत में सर्वसम्मति से डा. सुरेंद्र सिंह को सर्वसम्मति से प्रदेशाध्यक्ष चुना गया और प्रदेश कार्यकारिणी के गठन की जिम्मेदारी दी गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लड्डू खिला व फूलमाला पहना कर खुशी जाहिर की। इस मौके पर गोधूराम राष्ट्रीय अध्यक्ष हेडी नायक सभा, गीता राम वरिष्ठ डीएनटी नेता, राजीव कुमार, करनाल गुरु चरण सिंह, लक्ष्मण सिंह रामधारी फतेहाबाद, तेलूराम पलवल, राम सिंह वकील हिसार उपस्थित रहे।

# सिग्नस अस्पताल में लगाया मेगा ओपीडी शिविर

- नि:शुल्क की गई 1000 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच
- अशोक गुर्जर, सुरभि गर्ग और एसडीएम ब्रह्मप्रकाश, डीएसपी उमेद सिंह ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

रविवार को सिग्नस सुपर मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल कैथल में विशाल मेगा ओपीडी कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने शिरकत की और अध्यक्षता एसडीएम कैथल ब्रह्मप्रकाश व डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह, अस्पताल के वाइस प्रेजिडेंट व इंचार्ज डॉ. जसजीत सिंह व इंस्पैक्टर रोहताश कुमार ने दीप प्रज्वलित करके की। कैंप के दौरान जहां विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डाक्टरों ने अपनी निःशुल्क सेवाएं दी, वहीं राजनीतिक, वरिष्ठ अधिकारियों व समाजसेवी लोगों ने भी कैंप में हिस्सा लिया।

डॉ. जसजीत सिंह ने बताया कि कैंप में लगभग 1000 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम डॉ. शिवम परमार (जनरल फिजिशयन), डॉ. सितेंद्र गर्ग (आर्थो सर्जन) डॉ. अनु यादव (गायनी), डॉ. गौरव जैन (दर्द रोग), डॉ. उषा जांगड़ा (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ. दीपिका सहारण (डाईटिशन), डॉ.विक्रम गर्ग (सर्जन), डॉ. अजय चौहान (आईयीयू एक्सपर्ट), जनरल मैनेजर सुरेंद्र कैंदल, मार्किट मैनेजर मोहित शर्मा ने अपनी भरपूर सेवाएं देकर कैंप को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया गया। इस अवसर पर जिला परिषद पूर्व वाइस चेयरमैन मुनीष कठवाड़, भाजपा महामंत्री सुरेश संधू, आदित्य भारद्वाज सहित अन्य गण्यमान्य लोग मौजूद थे, उनको भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। आई.एम.ए. के पूर्व प्रधान वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डा. विनोद मित्तल ने मरीजों की आंख, नाक व गले के लगभग 35 जरूरतमंदों की जांच कर मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि पत्रकार सरकार और प्रशासन को जगाने का काम करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर, देवेंद्र गोयल, गौरव मित्तल अधिवक्ता, सुशील बंसल, पंकज बंसल, निशांत खुरानिया, लविश मित्तल, डॉ. विजय कंसल, डॉ. अतुल चानना, सुनील चुघ, अश्विनी शोरेवाला, रामनिवास मित्तल, जयदीप चौधरी, संदीप चौधरी, प्रवीण गुप्ता, डॉ. डी.पी. गुप्ता, डॉ. नवीन बंसल, राजन मिगलानी, सांकेत मंगल एडवोकेट, शिवनारायण गोयल, सुरेश चौधरी, हरीश गर्ग, राधेश्याम बंसल, कृष्ण बंसल, अमित मिगलानी, राजेश गर्ग, संदीप सिंगला, अजय बंसल, महीपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### अवकाश के दिन भी मिलेंगे हैप्पी कार्ड

**जींद।** नरवाना बस स्टैंड पर रविवार को हरियाणा राज्य परिवहन डिपो जींद के महाप्रबंधक राहुल जैन के आदेश अनुसार बस स्टैंड परिसर में हैप्पी कार्ड वितरण यातायात प्रबंधक पंकज पूनिया ने किया। पूनिया ने कहा कि बस स्टैंड पर हैप्पी कार्ड वितरण कर जनता ज्यादा से ज्यादा सुविधा दी जाएगी। इसके लिए बस स्टैंड पर हैप्पी कारण वितरण के लिए ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ज्यादा से ज्यादा वितरण कर लाभार्थी को लाभ पहुंचाया जा सके। रोडवेज ने अब अवकाश के दिन भी हैप्पी कार्ड वितरण के आदेश दिए हैं। अब अवकाश के दिन बस स्टैंड पर हैप्पी कार्ड देने के लिए कार्यालय खुला रहेगा ताकी ज्यादा से ज्यादा आवेदक समय पर कार्ड ले सकें। जो लोग अभी तक कार्ड लेने के लिए नहीं आए हैं।



जींद। नमन करते हुए धर्मेंद्र बतरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### कारगिल शहीदों को नमन

- अखिल भारतीय अरोड़खत्री (क्षत्रिय) महासभा द्वारा परमवीर चक्र शहीद कैप्टन विक्त्रम बतरा की पुण्यतिथि मनाई

**जींद।** अखिल भारतीय अरोड़खत्री (क्षत्रिय) महासभा रजि. की एक बैठक अपैक्स हाई स्कूल जींद में रविवार को हुई। जिसमें कारगिल के शहीद परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा कारगिल में शहीद हुए सभी शहीदों को याद कर राष्ट्रीय गान गा कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शहीदी दिवस पर इस महान शहीद की जीवनी पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह बत्तरा ने कैप्टन विक्रम बत्तरा के दिल मांगे मोर वाले डायलॉग पर भी प्रकाश डाला कि किस तरह से कारगिल की टाइगर हिल की पोस्ट को जीतने के बाद कैप्टन विक्रम बत्तरा ने ये कहा था और हिंदी फिल्म शेरशाह का भी जिक्र किया। जो की शहीद कैप्टन विक्रम बत्तरा की जीवनी पर आधारित है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह बत्तरा ने तस्वीर को फूलों की माला पहनाकर भारत माता की जय और शहीद कैप्टन विक्रम बतरा अमर रहे के नारे लगवाए।

## गंगा स्नान से कट जाते पाप : सतपाल ब्रह्मचारी

- गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। श्रद्धालुओं को रवाना करते हुए सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी।

सोनीपत के कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि हरिद्वार में गंगा स्नान करना और करवाना बहुत बड़ा पुण्य है। इस पुण्य में सभी को भागीदार बनना चाहिए। जींद क्षेत्र की माताओं, बुजुगारेए बहनों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू जिस तरह मुफ्त गंगा स्नान करवा रहे हैंए वह काबिले तारीफ तो है हीए साथ ही बहुत बड़ा पुण्य भी है। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी रविवार को जींद के जलालपुर कलां गांव से हरिद्वार के लिए महिलाओं और बुजुगोंर् से भरी बसों को झंडी दिखाकर रवाना कर रहे थे। उनके साथ नारी शक्ति टीम बलजीत रेढू की संयोजक और प्रदेश। कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू की धर्मपत्नी निर्मला रेढू भी थी। इस मौके पर सांसद ब्रह्मचारी ने कहा कि हरिद्वार में गंगा स्नान से सारे पाप कट जाते हैं। गंगा जीवनदाइनी है। हरिद्वार में गंगा मैया साक्षात विराजती हैं। हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना हुई महिलाओं ने दोनों हाथ उठा बलजीत रेढ़ू, निर्मला रेढू को आशीर्वाद दिया। उनके चेहरे पर हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए जाने की खुशी दूर से नजर आ रही थी। सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने बसों को हरिद्वार के लिए रवाना करने के बाद गांव के लोगों से रूबरू होते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव हरियाणा में ट्रेलर थे।

## गांव, हर वार्ड में पहुंचेगी कांग्रेस पद यात्रा

- जींद मांगे बदलाव कार्यकर्ता सम्मेलन में सर्वसम्मत हुआ निर्णय
- जींद मांगे बदलाव कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी कार्यकर्ताओं की भीड़, आयोजन स्थल छोटा पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रमोद सहवाग। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने गुरु रविदास धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि हरियाणा में कांग्रेस की हुड्डा सरकार आ रही है और भाजपा की जनविरोधी सरकार जा रही है। संविधान को दरकिनार करते हुए आज भी हरियाणा में भाजपा अल्पमत की सरकार चला रही है। सहवाग ने कहा कि भाजपा में नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं बची है और न ही संविधान के प्रति सम्मान का भाव बचा है। भारत यात्री सहवाग ने जींद हलके के हर गांव और शहर के हर वार्ड से पूरे जोश और उत्साह से लबरेज कार्यकर्ताओं से जींद में बदलाव का आह्वान किया। सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे जोश के साथ कहा कि बदलाव की लहर पिछले वर्ष अनाज मंडी की महारैली में भाई दीपेंद्र सिंह हुड्डा और आपके आह्वान से चल पड़ी थी। आज आप बड़ा निर्णय लो ताकि बदलाव की लहर में हर जींदवासी भागीदार बन सके। कार्यकर्ताओं के जोश से उत्साहित प्रमोद सहवाग ने कहा कि सभी साथी तैयार हो जाओ। हलके की पदयात्रा करेंगे और सभी से मिलने हर गांव और शहर के हर वार्ड में पहुंचेंगे।

# भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के सभी कायल

- सफीदों विधानसभा क्षेत्र में 21 जुलाई से पैदल यात्रा शुरू करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने सरपंचों को 21 लाख रुपये के कार्य बिना ई-टेंडर के करवाने की शक्तियां देकर उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। आज भाजपा की नीतियों से हर वर्ग खुश है। हर व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पहुंच रहा है। सैनी ने कहा कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में वह 21 जुलाई से पैदल यात्रा निकालेंगे। इसकी शुरुआत डिडवाड़ा गांव से सुबह आठ बजे यज्ञ के साथ की जाएगी। यात्रा का समापन 25 जुलाई को मुआना गांव में होगा। सैनी ने यह बात वीरभवन में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सोमवार को कही। कर्मवीर सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए सरपंचों को 21 लाख रुपये बिना टेंडर के विकास कार्योर् पर खर्च करने का अधिकार दिया है। इसके अलावा उनको अन्य सुविधाएं और भत्ते भी जारी कर दिए हैं। आज समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। खुद मुख्यमंत्री इन समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं की मानिटरिंग कर रहे हैं। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र की गलतियां, पेंशन, प्रोपर्टी आईडी की समस्याएं दूर की जा रही हैं। किसानों को भावांतर योजना के तहत लाभ दिया जा रहा है। जिन बुजुगोंर् की आयु 60 वर्ष हो जाती है, उनकी पेंशन अपने आप बन जाती है। लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नही है। आज चारों तरफ भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों की चर्चा हो रही है। विपक्ष के पास कोई भी मुद्दा नहीं है। ऐसे में हर वर्ग भाजपा की नीतियों से खुश है। सैनी ने कहा कि सफीदों विधानसभा में भाजपा बहुत मजबूत है। अब हर कार्यकर्ता से संपर्क करने के लिए 21 जुलाई से सफीदों विधानसभा के हर गांव से पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

## तीन लाख वार्षिक आय वाले 1500 रुपए प्रीमियम भर कर ले उठाए लाभ

# लोगों के लिए वरदान पीएम जन आरोग्य योजना

हरिभूमि नयूज ▶▶| कैथल

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत असहाय परिवारों की बीमारियों का मुफ्त इलाज करवाया जाता है। इस योजना के तहत प्रति परिवार को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। असहाय लोगों के लिए प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना वरदान सिद्ध हो रही है। डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना का विस्तार करते हुए चिरायु योजना हरियाणा के नाम से राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य कल्याण हेतु शुरू किया है। चिरायु योजना आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ही आती है। चिरायु योजना की सहायता से गरीब परिवार के लोग 5 लाख रुपये तक का फ्री इलाज करवा सकते हैं। चिरायु योजना के तहत कम से कम 1500 बीमारियों का इलाज मुफ्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 1.80 लाख रुपए तक आय वाले बीपीएल परिवारों को ही लाभ मिलता था। राज्य सरकार ने इस योजना का ज्यादा से ज्यादा से लाभ सुनिश्चित करने के लिए तीन लाख रुपए तक आय वाले परिवारों को भी इस योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ देने के निर्णय लिया है। ऐसे परिवार केवल बहुत कम मासिक चार्ज केवल 1500 रुपए के वार्षिक भुगतान पर पूरे परिवार को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते है। डीसी ने बताया कि चिरायु योजना के अंतर्गत विवाह अथवा जन्म के माध्यम से किसी नए सदस्य का आगमन होता है तो वह भी इस योजना का लाभार्थी है, जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र व विवाह प्रमाण-पत्र देकर योजना में शामिल हो सकते है। उन्होंने कहा कि यह योजना पूर्णतः: कैशलेस है, लाभार्थी केवल अपना आयुष्मान भारत कार्ड दिखाकर ही पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त में इलाज करवा सकते हैं। आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने हेतु लाभार्थी किसी भी अटल सेवा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना परिवार पहचान पत्र या आधार कार्ड दिखाकर बनवा सकते है। इसके अलावा पैनल पर लिए गए निजी अस्पतालों तथा सरकारी अस्पतालों में भी यह कार्ड मुफ्त में बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना की अनूठी विशेषता पोर्टेबिलिटी है यानी चाहे मरीज किसी भी राज्य का हो, वह किसी भी राज्य के पैनल पर लिए गए निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करवा सकते हैं। मुफ्त इलाज की सुविधा भी दी जा रही है।